सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः— **श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **2013/74** दायर दिनांक **07.05.2013**

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. रतनसिंह पुत्र धुंकलसिंह जाति राजपूत निवासी बेगसर तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान। | बनाम् | 1. उमाराम पुत्र स्व0 नोलाराम<br>2. सुजाराम पुत्र स्व0 नोलाराम<br>3. गोपालराम पुत्र स्व0 नोलाराम समस्त जाति जाट निवासी जैतपुरा तहसील डीडवाना<br>4. भंवराराम पुत्र स्व0 दुर्गाराम<br>5. मांगुराम पुत्र बलूराम<br>6. नाथुराम पुत्र मंगनाराम समस्त जाति जाट निवासी बेगसर तहसील डीडवाना जिला नागौर<br>7. तहसीलदार डीडवाना<br>8. नायब तहसीलदार मौलासर |

**दावा बाबत्**
**घोषणा खातेदारी, रेकर्ड दुरूस्ती, बंटवारा व स्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा— 53, 88, 138 R.T.Act.**

**उपस्थित :—** पक्षकारान

## —:: निर्णय ::—

दिनांक **06.06.2017**

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि, वाकै सरहद जैतपुरा के खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा वादी एवं प्रतिवादी सं0 01 ता 06 के नाम दर्ज है। प्रतिवादी सं0 01 ता 03 एवं उनकी माता गुमानी एवं भाई दुर्गाराम ने उक्त खेत खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा में से 07 बीघा भूमि जरिये विक्रय पत्र के दिनांक 16.04.1992 को पूर्व खातेदार हेमदान पुत्र पाबुदान से खरीद किया था, उक्त विक्रय पत्र में बैचानकर्ता हेमदान चारण की शेष बची 09 बीघा 17 बिस्वा भूमि में आने जाने का रास्ता क्रेतागण द्वारा उक्त खरीद शुदा भूमि में से पश्त्मिी सींव की तरफ से होकर रहेगा जिसको अनुसूची "अ" एवं नजरी नक्शा में मार्क ए बी सी डी दर्शाया गया है। खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा में से 09 बीघा 17 बिस्वा भूमि हेमदान से जरिये विक्रय पत्र के दिनांक 19.07.2011 को दशरथसिंह पुत्र गिरधारीसिंह ने खरीद कर ली उक्त विक्रय पत्र में भी उक्त रास्ता अनुसूची "अ"" एवं नजरी नक्शा में मार्क ए बी सी डी का हवाला दिया हुआ है। दशरथसिंह पुत्र गिरधारीसिंह से उक्त खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा में से 09 बीघा 17 बिस्वा वादी ने जरिये विक्रय पत्र दिनांक 23.11.2011 को खरीद कर ली जिसमें भी उक्त अनुसूची "अ" व नजरी नक्शा में मार्क ए बी सी डी रास्ते का हवाला दिया हुआ है। उक्त रास्ता बेगसर से बेडवा जाने वाले कटाणी रास्ते से फंट कर उत्तर से दक्षिण पश्चिमी सींव के पास पास मौके पर बहता आ रहा है।

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

राजस्व–वाद, संख्या–2013/74
दायर दिनांक 07.05.2013 निणर्य दिनांक 06.06.2017
रतनसिंह बनाम उमाराम वगैरा।

प्रार्थना वादी है कि ग्राम जैतपुरा के खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा में से 07 बीघा भूमि जो प्रतिवादी सं0 01 ता 04 की खरीद सुदा है में से होकर अनुसूची "अ" व नजरी नक्शा मार्क ए बी सी डी रास्ते की घोषणा कर उसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करावें।

प्रकरण आज न्याय आपके द्वार कैम्प बेगसर में पेश हुआ। वादी स्वयं उपस्थित। मजमें आम में प्रकरण के संबंध में जानकारी ली गई। पत्रावली पर उपलब्ध रेकर्ड का अवलोकन किया। रेकर्ड के अवलोकनोपरान्त वादी द्वारा जरिये रजिस्ट्री रास्ता का अंकन किया हुआ है। अतः पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मजमें आम में वादी का वाद डिक्री सादिर किया जाता है।

## आदेश

हस्व दावा डिक्री सादिर कर, वाकें सरहद जैतपुरा के खेत खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा में से 07 बीघा भूमि जो प्रतिवादी सं0 01 ता 04 की खरीद शुदा है तथा वादी की 09 बीघा 17 बिस्वा भूमि खरीद शुदा है में होकर अनुसूची "अ" एवं नजरी नक्शा मार्क ए बी सी डी अनुसार रास्ता घोषित किया जाता है। नजरी नक्शा निर्णय एवं डिक्री का भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रेकर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो।

सहायक कलेक्टर
(उत्तमसिंह शेखावत)
डीडवाना (नागौर)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

निर्णय आज दिनांक **06.06.2017** को राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार कोर्ट कैम्प बेगसर में सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर
(उत्तमसिंह शेखावत)
डीडवाना (नागौर)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

डिगरी बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः— सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.

राजस्व वाद संख्या 2013/74 दायर दिनांक 07.05.2013

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. रतनसिंह पुत्र धुंकलसिंह जाति राजपूत निवासी बेगसर तहसील—डीडवाना, जिला—नागौर, राजस्थान। | बनाम् | 1. उमाराम पुत्र स्व0 नोलाराम जाति जाट निवासी जैतपुरा वगैराह |

दावा बाबत्
घोषणा खातेदारी, व स्थाई निषेधाज्ञा
अन्तर्गत धारा— 88, 188 R.T.Act.

दिनांक 06.06.2017

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री वादीपक्ष की ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि हस्व दावा डिक्री सादिर कर, सरहद जैतपुरा के खेत खसरा सं0 375 रकबा 31 बीघा 07 बिस्वा में से 07 बीघा भूमि जो प्रतिवादी सं0 01 ता 04 की खरीद शुदा है तथा वादी की 09 बीघा 17 बिस्वा भूमि खरीद शुदा है में होकर अनुसूची "अ" एवं नजरी नक्शा मार्क ए बी सी डी अनुसार रास्ता घोषित किया जाता है। नजरी नक्शा निर्णय एवं डिक्री का भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रेकर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो।

नीज........—........ मुबलिंग.........—.......... बाबत.....................—...................खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह........—........ आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख 06.06.2017 को राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार—2017 कैम्प कोर्ट बेगसर में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)
सहायक कलक्टर
डीडवाना

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुदायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | — | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | — | | फिस कमिश्नर | | |
| फिस कमिश्नर | | | बाबत इजराय हुक्मनामा | | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | | मुतफर्रिक | | |
| मुतफर्रिक | | | | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

नोटः—इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीकेन का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner